# URSULINE INTER COLLEGE

DR. CAMIL BULCKE PATH, RANCHI

## नामांकन संबंधी आवश्यक सूचनाएँ

**सत्रः 2024–2026**

- JAC बोर्ड मैट्रिक रिजल्ट 19.04.2024 को प्रकाशित किया जा रहा है।
- रिजल्ट के प्रकाशन के साथ फॉर्म का वितरण आरंभ किया जा रहा है।

  ✓ **फॉर्म का शुल्क Rs. 300/- (मात्र तीन सौ) प्रति फॉर्म।**
- फॉर्म लेने और जमा करने का समय–

  **9.00बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न तक।**
- CBSE & ICSE X$^{th}$ Board result के बाद भी फॉर्म उपलब्ध होंगे।
- फार्म जमा करने की अंतिम तिथि तथा नामांकन की प्रथम सूची CBSE & ICSE X$^{th}$ Board result के बाद दी जाएगी। सूचनाओं के लिए सजग रहें।

18.04.24

प्राचार्या

Principal
Ursuline Intermediate College
Ranchi

सत्ता संग्राम 2024

प्रभात खबर
रांची, गुरुवार 21.03.2024 | 05

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**शिक्षा सत्र 2024-26 में इंटर कक्षा में नामांकन के संबंध में आवश्यक सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या - 15/2024**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 09/वि-05/2012-2715 दिनांक 14.12.2023 द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त इंटर महाविद्यालयों एवं स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर महाविद्यालयों में नामांकन के संबंध मे निदेश प्राप्त है। अंगीभूत एवं डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालयों में नामांकन के संदर्भ में दिनांक 28.06.2023 को विभागीय बैठक में निर्णय लिया गया था कि अंगीभूत एवं डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्रवार नामांकन प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से कम करना होगा अर्थात् नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या में कटौती करते हुए अगले दो-तीन सत्रों के पश्चात् इंटरमीडिएट शिक्षा को पूरी तरह पृथक करना आवश्यक होगा।

विभाग द्वारा दिए गए निदेश एवं विभागीय बैठक में लिए गए निर्णय तथा परिषद् की बैठक दिनांक 13.03.2024 में नामांकन हेतु सीटों के संबंध में लिए गए निर्णय के समीक्षोपरांत झारखण्ड राज्य अवस्थित स्थापना अनुमति प्राप्त इंटर महाविद्यालय, स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त इंटर महाविद्यालय तथा वैसे अंगीभूत एवं डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालय, जिनके द्वारा सत्र 2023-2025 में इंटर कक्षा में नामांकन लिया गया है, के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि वे शिक्षा सत्र 2024-26 एवं आगामी सत्रों के लिए महाविद्यालय में निम्नांकित सीट के अनुरूप ही नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे:-

1. **स्थापना अनुमति प्राप्त इंटर महाविद्यालय - प्रत्येक संकाय में 128**
2. **स्थायी प्रस्वीकृत इंटर महाविद्यालय - प्रत्येक संकाय में 384**
3. **डिग्री सम्बद्ध महाविद्यालय - प्रत्येक संकाय में 256**
4. **अंगीभूत महाविद्यालय - प्रत्येक संकाय में 384**

उक्त निर्धारित सीट से अधिक नामांकन लेने की स्थिति में उन छात्र/छात्राओं का पंजीयन परिषद् द्वारा नहीं किया जायेगा। इसके लिए महाविद्यालय प्रधान स्वयं जिम्मेवार होंगे।

साथ ही निदेश दिया जाता है कि नामांकित सभी छात्र/छात्राओं के वांछित आंकड़े स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार के U-DISE + पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

पूर्व के सत्रों में किसी भी रूप में दी गई निर्धारित सीट से अधिक नामांकन संबधी आदेश/सीट वृद्धि आदेश/विज्ञप्ति को विलोपित किया जाता है। पूर्व में निर्गत सभी आदेश/निदेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।

**अध्यक्ष के आदेश से,**
**ह./-सचिव,**
**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/वि.-महा.स्था./700/24/Secy/358/24
Dt 20.03.2024
D.O.P : 21.03.2024

# नामांकन संबंधी अति आवश्यक सूचना
## अवश्य पढ़ें

**विषय-**

- स्थानीय दैनिक समाचार पत्र 'प्रभात खबर' विज्ञप्ति संख्या 15/2024 शिक्षा सत्र 2024-26 के लिए इंटर कक्षाओं में नामांकन के संदर्भ में
- सचिव (JAC) कार्यालय **पत्रांक JAC का. स्था./700/24-827 दिनांक 22/03/24** के निर्देश के अनुसार,

**नामांकन हेतु शिक्षा सत्र 2024-26 के लिए उपलब्ध सीट-**

| | | |
|---|---|---|
| **Science (विज्ञान)** | **:** | **384** |
| **Arts (कला)** | **:** | **384** |
| **Commerce (वाणिज्य):** | | **384** |

I. JAC से पूर्व में महाविद्यालय को स्वीकृत सीट 384 के अतिरिक्त 05 यूनिट (128x5=640) कुल 1024 सीट प्रत्येक संकायों में नामांकन की अनुमति प्राप्त थी।

- **अभी की स्थिति में JAC से स्थायी प्रस्वीवृति प्राप्त इंटर महाविद्यालयों में स्वीकृत सीट 384 सीट पर प्रत्येक संकाय (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) पर शिक्षा सत्र 2024-26 के लिए नामांकन की अनुमति प्राप्त है।**
- नामांकन पूर्णतय: **मेरिट** के आधार पर होंगे।

  **(महाविद्यालय का नामांकन फॉर्म मात्र प्राप्त करना नामाकंन की गारंटी नहीं हैं।)**
- अतः यह स्पष्ट है कि प्रति संकाय में JAC आदेशानुसार 384 सीट ही उपलब्ध है।

II. यदि JAC द्वारा निर्देश में संशोधन लाया जाए, तथा सीट में वृद्धि की जाए, तो इस स्थिति में प्राप्त अतिरिक्त सीट के आधार पर, निकट भविष्य में नामांकन शीघ्र किया जा सकेगा।

- अतः इच्छुक अभिभावको/ छात्राओं से अनुरोध है कि सोच समझकर नामांकन फार्म लें।
- नामांकन के लिए इच्छुक अभिभावक/छात्राएं, सूचनाओं के लिए सजग रहेंगे।

  सूचनाएं Website में तथा Notice Board पर दी जाएंगी।

  संभव हो Online सूचनाएं भेजी जा सकेंगी।

## Fee Statement

**नामांकन संबंधी अति आवश्यक सूचना, अवश्य पढ़ें**

सचिव JAC के आदेशानुसार, नामांकन हेतु सीट में भारी कटौती की गई है। उक्त आदेश में संशोधन प्राप्त हो, सीट पूर्व की तरह मिल जाए, नामांकन पूर्ववत् हो, **Fee Statement यथावत् रहेगा।**

इसके विपरीत आदेशानुसार 384 (3 यूनिट) ही सीट उपलब्ध होने की स्थिति में, **Fee Statement में बढ़ोतरी हो सकती है, परिवर्तन आ सकता है।**

प्राचार्या 18.04.24

Principal
Ursuline Intermediate College
Ranchi

AnyScanner

# IMPORTANT INFORMATION REGARDING ADMISSION (2024-26)

**Context:**

- Local daily newspaper Prabhat Khabar Vigapti No. 15/2024, regarding the available number of seats in the colleges

- As per the directives of JAC, the total number of seats for admission for the **session 2024-2026 are as follows:**

| | |
|---|---|
| **Science :** | **384 seats (3units)** |
| **Arts :** | **384 seats (3units)** |
| **Commerce :** | **384 seats (3units)** |

- The previously permitted number of units which was 8 units per stream has been reduced to 3 units per stream
- Please note that the selection for admission will be done purely on **merit basis.**
- Until we get a revised directive from JAC to increase the number of seats for admission, the admission will be restricted to only 384 students per stream

  - If we get the permission for extra number of units, them admission can be taken in near future.
  - Interested students/guardians/parents are asked to be very thoughtful before filling up the form.

18.04.24

Principal

Principal
Ursuline Intermediate College
Ranchi

AnyScanner